an>

Title: Need to release the outstanding amount meant for the projects being carried out for the renovations of water bodies in the country.

**श्री चाँद नाथ (अलवर) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, जल स्रोतों की मरम्मत के उद्देश्य से भारत सरकार ने राज्यों की सहायता के लिए जल संरचना के लिए रिपेयर, रैस्टोरेशन तथा रेनोवेशन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अन्तर्गत ग्राउंड वॉटर रीचार्ज, कृÂिा वानिकी उत्पादन में सुधार, पर्यटन विकास, सांस्कृतिक गतिविधियां व पेय जल की उपलब्ध वॉटर बॉडीज की भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए कार्य किये जाते हैं। जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश 2013 के अनुसार मरुभूमि विकास क्षेत्र के कार्य बारहवीं पंचवÂ◌ा◌ावय योजना में 90 प्रतिशत अनुदान में सम्मिलित कर लिये गये हैं। वÂ◌ाऩ 2011 में भारत सरकार ने 16 परियोजनाओं के लिए 11.63 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है जिनमें से दो किश्तें 5.2 व 2.5 करोड़ रुपये प्रदान किये गये जबकि भारत सरकार के हिस्से की 90 प्रतिशत शेÂ◌ा राशि 3.4 करोड़ रुपये आने बाकी हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2014 में भारत सरकार को 12.15 करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजा जा चुका है।

माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार से पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं की शेÂ◌ा राशि 3.4 करोड़ रुपये शीघ्र दिये जाएं जिससे कि ये परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकें।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Gajendra Singh Shekhawat and

Shri P.P. Chaudhary are permitted to associate with the issue raised by Shri Chand Nath.